**भारत सरकार**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या: 229

उत्तर देने की तारीख: 18.11.2019

**शगुन वेब पोर्टल**

229. श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावाः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार के ''शगुन'' वेब पोर्टल की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;
(ख) देशभर में गुजरात सहित उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित की जाने वाली निधि का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने इसके अंतर्गत सभी स्कूलों की वेबसाइट लिंक की है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ङ) इसके अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य का ब्यौरा क्या है; और
(च) प्रारंभ में इस कार्यक्रम के साथ लिंक किए जाने वाले संभावित राज्यों की संख्या कितनी है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) की संबंधित सभी पोर्टल के स्कूल शिक्षा शगुन ऑनलाइन जंकशन और वेबसाइट की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

- जंक्शन में 80 से अधिक पोर्टल और वेबसाइट है जिसमें योजनाएं, स्वायत्त निकायों, मॉनिटरिंग ऐप और पोर्टल तथा राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र की स्कूल शिक्षा संबंधी वेबसाइट शामिल है।
- स्कूल शिक्षा से संबंधित वेब संसाधनों को व्यापक तरीके से पहुंच प्रदान करना।
- सभी ई-लर्निंग सामग्री की पहुंच के लिए एकल प्लेटफार्म जिसके द्वारा विवेकपूर्ण विकल्प के लिए छात्र और शिक्षकों के लिए इसे सरल बनाना।

- छात्र, शिक्षक और प्रधानाचार्य और उन स्कूलों पर बल देना जो सूचना प्रणाली के बहुल और स्तरीय ढांचे की व्यवस्था में अपनी प्रासंगिकता खो चुके हैं। विषयक मुद्दों पर सूचना की उपलब्धता में सहायता करना।

(ख): उपर्युक्त कार्यक्रम के लिए कोई अलग निधि आवंटित नहीं की गई है।

(ग) और (घ): वर्तमान में, केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस), नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) के तहत सभी स्कूलों की वेबसाइट को उनकी संबंधित केवीएस और एनवीएस वेबसाइट के माध्यम से जोड़ा गया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के संबंधन वाले सभी स्कूलों की इन कुछ वेबसाइटों को छोड़कर सीबीएसई संबंधन वेबसाइट से जोड़ा गया है तथापि, सभी सीबीएसई स्कूलों का ब्यौरा इस वेबसाइट पर उपलब्ध है। वर्तमान में, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के तहत स्कूलों के वेबसाइट जुड़ी नहीं हैं।

**केवीएस वेबसाइट यूआरएल:**

- https://kvs.gov.in/
- https://kvs.gov.in/about-kvs/directories/kvs-directory

**एनवीएस वेबसाइट यूआरएल:**

- https://navodaya.gov.in/
- https://navodaya.gov.in/nvs/en/Contact-Us/RO/

**सीबीएसई संबंधन स्कूल:**

- http://cbse.gov.in
- http://cbseaff.nic.in

**राज्य और संघ राज्य क्षेत्र:**

- http://seshagun.gov.in/states_uts

(ड.): कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं है।

(च) भाग (ड.): के उत्तर के संबंध में प्रशन नहीं उठता।

*****